# 10 राज्यों में 7 दिन का हीटवेव

- मानसून अगले हफ्ते पहुंचेगा केरलम्



**नई दिल्ली, 19 मई.** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है. फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है. मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है. इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है. इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा. एक ही जगह ठहरा रहेगा. इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या ज्यादा रह सकती है. जून से सितंबर के दौरान 7 से 14 दिन तक के कई ब्रेक आ सकते हैं. इस बार मानसून पर 2002 जैसा खतरा दिख रहा है. तब मानसून 29 मई को केरल पहुंच गया था. सामान्य रूप से ये 35 से 38 दिनों में पूरे भारत को कवर कर लेता है. लेकिन, 2002 में उसे 79 दिन लगे थे और 15 अगस्त को मानसून पूरे देश में छाया था. इस बीच अगले 7 दिन उत्तर और मध्य भारत के 10 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है. निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक मंगलवार को पूर्वोत्तर और दक्षिणी इलाकों को छोड़कर लगभग आधे देश में हीटवेव का असर रहेगा. औसत तापमान 45एष्ट तक रह सकता है.

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र में सोमवार को अधिकतम पारा 46 डिग्री से ज्यादा रहा. उत्तर प्रदेश का बांदा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा. पंजाब के बठिंडा में 47 डिग्री, महाराष्ट्र के वर्धा में 46.5 डिग्री, हरियाणा के सिरसा में 46.2 डिग्री, राजस्थान के चित्तौड़गढ़-पिलानी में 46.2 डिग्री तापमान रहा. उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और हीटवेव का प्रकोप जारी है. पारा 47एष्ट पार कर गया है. बांदा लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा, यहां अधिकतम तापमान 47.6एष्ट रिकॉर्ड किया गया. मौसम विभाग ने आज प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी समेत 39 जिलों में लू का अलर्ट जारी किया है. राजस्थान में अब दिन के साथ रात में भी तेज गर्मी और गर्म हवा का असर है. राज्य में आज से 5 जिलों में तेज गर्मी और हीटवेव का ऑरेंज और 5 जिलों में यलो अलर्ट है. बिहार के 3 जिलों में सोमवार को तापमान 45एष्ट के करीब पहुंचा. 44.6 डिग्री के साथ गयाजी सबसे गर्म जिला रहा. रोहतास का तापमान 44.5, जबकि बक्सर का तापमान 44.4 रहा. मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर और बक्सर में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है.

## मोदी सरकार ने किया है महंगाई को नियंत्रित : चौधरी

**झुंझुनू, 19 मई.** राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी और महंगाई को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी ने कहा है कि तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय होती हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कीमतों को काफी हद तक नियंत्रित किया हुआ है। श्री चौधरी मंगलवार को राजस्थान में झुंझुनू में किसान मोर्चा की बैठक में शामिल होने आये थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने राष्ट्रहित में ईंधन की बचत करने का आह्वान किया.

# भारतीय नागरिकता नियम में बड़ा बदलाव

- पाक, अफगान- बांग्लादेश को पासपोर्ट सौंपना होगा
- नागरिकता हेतु पासपोर्ट सरेंडर करना अनिवार्य


**नई दिल्ली, 19 मई.** नई दिल्ली में गृह मंत्रालय ने नागरिकता नियम, 2009 में बड़े संशोधन के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय नागरिकता प्रक्रिया में नया कदम उठाया है. अब इन देशों के नागरिकों को भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले अपने मूल देश के पासपोर्ट को सरकार के पास सौंपना अनिवार्य होगा. इस संबंध में सोमवार को गृह मंत्रालय ने एक नई अधिसूचना जारी की. नए संशोधन के तहत, आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता और कानूनी स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों को अपने मूल देश की पासपोर्ट स्थिति की घोषणा करनी होगी। नागरिकता नियम, 2009 में इस बदलाव को लागू करने के लिए एक नया अनुच्छेद जोड़ा गया है. सरकार का उद्देश्य यह है कि नागरिकता प्रक्रिया पूरी तरह वैधानिक और नियंत्रित रहे, और किसी भी संभावित धोखाधड़ी या अवैध आवेदन की संभावना को न्यूनतम किया जा सके. यह कदम उन देशों के नागरिकों के लिए भारतीय नागरिकता की प्रक्रिया को और अधिक सख्त और व्यवस्थित बनाएगा. इससे आवेदकों की पहचान और उनके कानूनी दस्तावेजों की पुष्टि आसान होगी. नागरिकता प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों को भी यह निर्देश दिए गए हैं कि वे नए नियमों का पालन सुनिश्चित करें और किसी भी उल्लंघन की स्थिति में उचित कार्रवाई करें. गृह मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों के तहत पासपोर्ट न सरेंडर करने वाले आवेदकों की नागरिकता प्रक्रिया को रोकने का अधिकार सरकार के पास सुरक्षित रहेगा.

# अमेरिका ने भारत के लिए दो बड़े रक्षा सहायता पैकेजों को मंजूरी दी

**वाशिंगटन, 19 मई.** अमेरिका ने भारत के साथ सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के लिए दो बड़े रक्षा सहायता पैकेजों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 3,500 करोड़ रुपये (428 मिलियन डॉलर) से अधिक है. यह मंजूरी अमेरिका की विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत दी गई है, जिसका उद्देश्य भारत के पास पहले से मौजूद एएच-64ई अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट होवित्जर तोपों के रखरखाव को मजबूत करना है. इसमें अपाचे हेलीकॉप्टर से जुड़ा पैकेज लगभग 1,650 करोड़ रुपये (198.2 मिलियन डॉलर) का है, जिसके तहत अमेरिकी सरकार और वहां की कंपनियां भारत को इंजीनियरिंग, तकनीकी सहायता, लॉजिस्टिक्स, जरूरी दस्तावेज और सैनिकों की ट्रेनिंग जैसी सुविधाएं देंगी। इस काम को मुख्य रूप से बोइंग और लॉकहीड मार्टिन कंपनियां संभालेंगी. हल्की तोपों के रखरखाव का पैकेज करीब 1,932 करोड़ रुपये (230 मिलियन डॉलर) का है.

# एनसीआर को मिलेगी रफ्तार : गडकरी

## जेवर एयरपोर्ट तक होने वाली कनेक्टिविटी से करोड़ों यात्रियों को मिलेगा लाभ



**नई दिल्ली, 19 मई.** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में कनेक्टिविटी को मजबूत करने और नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) तक निर्बाध संपर्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की जा रही डीएनडी-फरीदाबाद-सोहना एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना का निरीक्षण किया और कहा कि इसके पूरा होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यातायात को रफ्तार मिलेगी तथा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी. गडकरी ने निरीक्षण के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि करीब 59.063 किमी लंबे इस हाई-स्पीड छह लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर से दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम और सोहना के बीच संपर्क बेहतर होगा तथा यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है. उन्होंने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत विकसित हो रहे इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 4,463 करोड़ रुपये है. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आधुनिक परिवहन अवसंरचना को नया आयाम देगी और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है. जिसमें 140 मीटर लंबा 'नेटवर्क आर्क ब्रिज' प्रीकास्ट सेग्मेंटल निर्माण तकनीक, उच्च-शक्ति ई-450 स्टील, ध्वनि अवरोधक, वृक्षारोपण का ध्यान रखा जाएगा.

# केजरीवाल-आप नेताओं को नोटिस




**नई दिल्ली, 19 मई.** दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और विनय मिश्रा समेत कई नेताओं को जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित अवमाननापूर्ण अभियान चलाने के आरोप में नोटिस जारी किया है.अदालत की डिवीजन बेंच, जिसमें जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस रविंदर दुडेजा शामिल हैं, ने सभी आरोपियों से लिखित जवाब मांगा है।मामला शराब नीति घोटाले की सुनवाई से जुड़ा है.जस्टिस स्वर्णकांता ने अदालत में कहा कि सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक और मान हानिकारक सामग्री फैलाई जा रही है, जिससे न्यायपालिका की गरिमा पर असर पड़ रहा है.इसके बाद उन्होंने आप नेताओं के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया.अदालत ने अगली सुनवाई 4 अगस्त को तय की है और न्याय मित्र (एमिकस क्यूरी) को भी मामले में शामिल करने का आदेश दिया है, ताकि अदालत को उचित मार्गदर्शन मिल सके.

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने री-एग्जाम की तैयारियों की समीक्षा की और कहा-

# नीट परीक्षा में सुरक्षा और पारदर्शिता पर जोर

**नई दिल्ली, 19 मई. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी 2026 की दोबारा होने वाली परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए हाई लेवल बैठक की, जिसमें परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए.**

बैठक में मंत्री ने कहा कि पिछली परीक्षा प्रक्रिया में सामने आई सभी खामियों को इस बार पूरी तरह दूर किया जाएगा और परीक्षा को सुरक्षित एवं फुल प्रूफ तरीके से आयोजित किया जाएगा।मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इसके लिए सभी राज्यों में जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने का आदेश दिया गया है. इसका उद्देश्य परीक्षा के संचालन और सुरक्षा की निगरानी को और अधिक मजबूत बनाना है. बैठक में छात्रों की सुविधा को भी प्रमुखता से रखा गया. मंत्री ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर छात्रों के लिए परिवहन, पीने का पानी और अन्य जरूरी सुविधाओं का पर्याप्त प्रबंध होना चाहिए. इसके अलावा परीक्षा की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष निगरानी प्रणाली लागू करने पर जोर दिया गया.

**जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों से समन्वय बढ़ाने का आदेश**

धर्मेंद्र प्रधान ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने सभी राज्य सरकारों और परीक्षा आयोग से अपेक्षा की कि वे पिछले अनुभवों से सीख लेकर इस बार परीक्षा को त्रुटि रहित और व्यवस्थित तरीके से आयोजित करें.

## आज का इतिहास

- 1293 - जापान के कामाकुरा में आए भूकंप में 30 हजार लोगों की मौत
- 1378 - बहमनी सुलतान दाऊद शाह की हत्या
- 1421 - दिल्ली के पहले सैयद शासक खिज्र खान की मौत
- 1609 - विलियम शेक्सपियर की कविताओं के पहले संग्रह का लंदन में प्रकाशन
- 1766 - इंदौर के होल्कर वंश के प्रवर्तक मल्हारराव होल्कर का निधन
- 1873 - सान फ्रैंसिस्कों के कारोबारी लेवी स्ट्रॉस और दर्जी जेकब डेविस को जीन्स का पेटेंट मिला

# आज दवा बाजार रहेगा बंद

- हजारों मरीजों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं
- ऑल इंडिया केमिस्ट एसोसिएशन का आह्वान


**नई दिल्ली, 19 मई.** नई दिल्ली में 20 मई 2026 को देशभर में दवा बाजार बंद रहेगा. ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट व ड्रगिस्ट और मध्य प्रदेश केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर सभी प्राइवेट मेडिकल दुकानों में इस दिन दवाइयां उपलब्ध नहीं होंगी. इस हड़ताल के कारण हजारों मरीजों को अपनी आवश्यक दवाइयों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

> हड़ताल के दौरान सरकारी और निजी अस्पतालों की आपातकालीन मेडिकल सेवाएं खुली रहेंगी. इसके अलावा, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर भी दवाइयां उपलब्ध रहेंगी, जिससे मरीजों को राहत मिल सके. जयारोग्य अस्पताल, जिला अस्पताल और अन्य प्राइवेट अस्पतालों की मेडिकल दुकानों को हड़ताल से दूर रखा गया है.हड़ताल का मुख्य कारण जीआरएस 220 ई अधिसूचना का उल्लंघन और ई-कॉर्पोरेट्स द्वारा अवैध तरीके से बाजार पर कब्जा और दवा के मूल्य निर्धारण में मनमानी करना बताया गया है.



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर-पूर्वी राज्यों के कारीगर और बुनकर से मुलाकात की. 'एट होम' स्वागत समारोह के आमंत्रण किट में कलात्मक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया.

# पेट्रोल-डीजल के दाम चार दिन में दूसरी बार बढ़ाने पर जवाब दे सरकार : खरगे



**नई दिल्ली, 19 मई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चार दिन के भीतर दूसरी बार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाये जाने के सरकार के फैसले पर हैरानी जताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में जनता को जवाब देना चाहिए.**

खरगे ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि सरकार ने 15 मई के बाद आज सुबह अचानक फिर पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ा दिये. उन्होंने कहा कि अब स्पष्ट हो गया है कि देश संकट में है और श्री मोदी को इसका जवाब देना चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष ने तेल के दाम चार दिन में दूसरी बार में बढ़ाने के निर्णय को सरकार की गलत नीतियों का परिणाम बताया और कहा कि मोदी सरकार नाकामियों का बोझ जनता के सिर पर डाल रही है. 'दाम बढ़े चार ही दिन हुए कि मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़ा दिये. बचत का उपदेश देकर अपनी नाकामियों का बोझ जनता पर डालने का कार्य प्रगति पर है. कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'आम जनता की लूट और उद्योग पति गौतम अडानी को अमेरिका से छूट', यही मोदी जी का 'कम्प्रोमाइज्ड मॉडल' है.

# किउल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना मंजूर




**नई दिल्ली, 19 मई.** भारतीय रेलवे ने हाई-डेंसिटी हावड़ा-दिल्ली रेल कॉरिडोर पर क्षमता बढ़ाने के लिए किउल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना को मंजूरी दे दी है. 54 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की लागत 962 करोड़ होगी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर पर रेल क्षमता को मजबूत करेगी और ट्रेनों की समयपालन क्षमता तथा परिचालन लचीलापन बेहतर बनाएगी. उन्होंने कहा कि अतिरिक्त लाइन बनने से यात्री और मालगाड़ियों की आवाजाही अधिक सुगम होगी और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास तथा व्यापारिक कनेक्टिविटी को भी बढ़ावा मिलेगा. फिलहाल किउल और झाझा के बीच मौजूदा डबल लाइन सेक्शन अपनी क्षमता से अधिक दबाव में संचालित हो रहा है.

**अरक्कोनम-चेंगलपट्टू डबल लाइन प्रोजेक्ट को मंजूरी**

भारतीय रेलवे ने चेन्नई उपनगरीय रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए अरक्कोनम-चेंगलपट्टू डबलिंग परियोजना को मंजूरी दे दी है. 68 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की कुल लागत 993 करोड़ होगी. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह परियोजना चेन्नई के व्यस्त उपनगरीय रेल नेटवर्क पर दबाव कम करने, ट्रेनों की समयपालन क्षमता सुधारने और परिचालन दक्षता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।उन्होंने बताया कि इस रूट पर यात्रियों के साथ-साथ माल ढुलाई को भी बड़ा फायदा मिलेगा.

# चीन की यात्रा पर रवाना हुए पुतिन



**मॉस्को/ बीजिंग, 19 मई. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को दो दिवसीय चीन यात्रा पर बीजिंग पहुंच रहे हैं. इस यात्रा का उद्देश्य बढ़ते वैश्विक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच रूस और चीन के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना है.**

पुतिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन जा रहे हैं. यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया चीन यात्रा के कुछ ही दिन बाद हो रही है, जिससे बीजिंग वैश्विक कूटनीति का प्रमुख केंद्र बन गया है. रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने कहा कि दोनों देशों के बीच वार्ता का एजेंडा व्यापक है, जिसमें द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ यूक्रेन संकट, पश्चिम एशिया की स्थिति और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता जैसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दे शामिल होंगे.

# चर्चित पंजाबी सिंगर इंदर कौर की हत्या



**लुधियाना, पंजाब 19 मई. लुधियाना की चर्चित पंजाबी सिंगर इंदर कौर ( 29 ) की हत्या ने पंजाब में सनसनी मचा दी है. 13 मई को इंदर कौर अपनी सफेद फोर्ड फिगो कार लेकर घर के लिए राशन-पानी लेने निकली थी, लेकिन रात तक घर वापस नहीं लौटी.**

छह दिनों की खोजबीन के बाद आज सुबह उनका शव नीलो नहर से बरामद हुआ. प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि मोगा का रहने वाला सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा, जो कनाडा में अपने परिवार के साथ रहता है, शादी के लिए इंदर पर दबाव डाल रहा था.

इंदर ने जब पता चला कि सुखविंदर पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं, तो उसने शादी करने से मना कर दिया. इससे गुस्साए आरोपी ने कनाडा से नेपाल के रास्ते पंजाब में प्रवेश किया और इंदर का अपहरण कर हत्या कर दी.पुलिस ने शव और इंदर की कार दोनों बरामद कर लिए हैं. कार से एक गोली का खोल भी मिला है, जिससे पता चलता है कि हत्या गोली मारकर की गई हो सकती है,

> इंदर कौर ने सिंगिंग का पेशा छोड़कर बुटीक और मेकअप आर्टिस्ट का काम शुरू किया था. पांच साल पुरानी इंस्टाग्राम दोस्ती के दौरान दोनों की बातचीत होती रही. इंदर की हत्या से परिवार में मातम है और सिख समुदाय में भी गहरा सदमा पहुंचा है. पुलिस मामले की जांच तेज कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं.

**विदेश दौरा** क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई व्यापक चर्चा

# भारत और वियतनाम संबंध होंगे मजबूत : राजनाथ सिंह



**नईदिल्ली, 19 मई. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने आधिकारिक वियतनाम दौरे पर हैं. इस दौरान उन्होंने मंगलवार को यहां वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी व राष्ट्रपति तो लाम से मुलाकात कर भारत-वियतनाम संबंधों को और मजबूत बनाने पर व्यापक चर्चा की.**

बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम से की मुलाकात के दौरान रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई. मुलाकात के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी और राष्ट्रपति तो लाम से मिलकर उन्हें सम्मान की अनुभूति हुई. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं भी पहुंचाई और इस बात को दोहराया कि भारत, वियतनाम के साथ रक्षा सहयोग को और गहरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग, भारत और वियतनाम के बीच 'एन्हांस्ड कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है. राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और वियतनाम के संबंध आपसी विश्वास, साझा मूल्यों और रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में करीबी सहयोग पर आधारित हैं. दोनों देश क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षित समुद्री व्यवस्था के लिए मिलकर कार्य कर रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन और सहयोग की नीति को आगे बढ़ाने के लिए वियतनाम के साथ अपने संबंधों को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है. इससे पहले श्री सिंह ने वियतनाम के रक्षा मंत्री सीनियर लेफ्टिनेंट जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक की. बैठक में दोनों देशों के बीच तेजी से विकसित हो रहे रक्षा संबंधों की समीक्षा की गई.

# सऊदी में 8,000 पाक सैनिक तैनात

## ईरान संकट : पाकिस्तानी सेना तैनाती से बढ़ी चिंता

रियाद/इस्लामाबाद/तेहरान, 19 मई. पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच रक्षा सहयोग का नया अध्याय खुल गया है.समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने ईरान के आसपास बढ़ते तनाव के बीच सऊदी अरब में 8,000 सैनिक तैनात किए हैं.

इन सैनिकों के साथ 16 जेएफ-17 फाइटर जेट्स, ड्रोन स्क्वाड्रन और चीन निर्मित एयर डिफेंस सिस्टम भी भेजे गए हैं.यह तैनाती दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत हुई है.खर्च सऊदी अरब उठा रहा है, जबकि पाकिस्तानी सैनिक उपकरणों को ऑपरेट कर रहे हैं.पाकिस्तान की सेना ने साफ किया है कि जरूरत पड़ने पर और सैनिक भेजने के लिए तैयार हैं. इसी बीच ईरान ने अमेरिका से होर्मुज की नाकाबंदी हटाने की मांग की है.ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ऐसा नहीं करता है तो ओमान सागर को अमेरिकी सेना का कब्रगाह बनाने पर विचार किया जा सकता है.

इस तनाव के बीच यूएई के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर ड्रोन हमला हुआ, जिससे आग लगी.प्रारंभिक जांच में ईरान पर शक जताया गया है.यह पहली बार है कि यूएई का परमाणु संयंत्र सीधे हमले का शिकार बना है।भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग रोकने के किसी भी प्रयास को अस्वीकार्य बताया है.

**दिल्ली दंगा के आरोपी को जमानत नहीं-** नई दिल्ली, 19 मई. उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की साजिश मामले में जेल में बंद उमर खालिद को कल दिल्ली की अदालत से बड़ा झटका लगा. अदालत ने उनकी अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसमें उमर ने अपने अंकल के चेहलुम और मां की प्री और पोस्ट सर्जरी के दौरान उनकी देखभाल के लिए 15 दिन की राहत मांगी थी.

**E- AUCTION**

E- Auction is going to be held on **"AS IS WHERE IS", "WHATEVER IS THERE IS"** for on per Kg basis for disposal of damaged PEB Structure (approx.350 MT) belonging to Sini Logistics And Warehousing LLP lying at Khasra # 234,235, Katangi Bypass Crossing, NH-30, Village Padwarkala, Jabalpur-482002.

Damaged Material can be inspected from 20/05/26 to 24/05/26. EAuction to be held on 25/05/26.

For E-Auction forms, Contact Mr. Ashish Rajak at Mob:09870570511, of Optimum Realiser E-Auctionner Pvt Ltd (Auctioneers) Address: Faridabad-121001. Last date for submission of E-auction form is 24/05/26 before 06.00 PM.